# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 20.06.2025**

- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 10,000/- को वापस कराया गया।**
- **अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर आकर आवेदिका को आयुष्मान कार्ड बनाने का झांसा देकर एईपीएस के माध्यम से आवेदक के खाते से 10,000/- रूपये निकालकर साइबर धोखाधड़ी की गयी।**
- **शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्रीमती कमला देवी पत्नी रामसहाय निवासी ग्राम अवध नगर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 10.05.2025 साइबर ठगी की घटना कारित हुयी, जिसमे आवेदक के घर अज्ञात व्यक्ति ने आकर आयुष्मान कार्ड बनाने का झांसा देकर आवेदिका के खाते से एईपीएस के माध्यम से 10,000/- निकालकर साइबर धोखाधडी की गयी। जिसकी शिकायत आवदेक के द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर दिनांक 10.05.2025 को दर्ज करायी गयी। जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 10,000/- खाते में वापस कराये गये। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना शिवली जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**<u>वापस करायी गयी धनराशि-</u>**

**₹10,000/-**

**<u>धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-</u>**

1. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार सोलंकी
2. म0का0 1261 प्रीति सोनकर